हरिभूमि

शौर्य भूमि

मंडला| अंजिनया | भुआबिछिया | बम्हनीबंजर | नैनपुर | निवास | बीजाडांडी

जबलपुर, मंगलवार 27 अक्टूबर 2026

login : www.haribhoomi.com

खबर संक्षेप

गाँव-गाँव पहुंच रहे पटवारी, ग्रामीणों को मिल रहा स्वामित्व का अधिकार

मण्डला। ग्रामीणों को उनकी आबादी भूमि का स्वामित्व अधिकार दिलाने के उद्देश्य से संचालित स्वामित्व योजना के तहत मंडला जिले में लगातार कार्य किया जा रहा है। योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए पटवारी गांव-गांव पहुंचकर ग्रामीणों से संपर्क कर रहे हैं तथा भूखंडों के सत्यापन, अभिलेखों की जांच और रजिस्ट्री की प्रक्रिया को आगे बढ़ा रहे हैं। इससे ग्रामीणों को अपनी भूमि के स्वामित्व संबंधी अधिकार प्राप्त करने में सुविधा मिल रही है। योजना के तहत पात्र हितग्राहियों की रजिस्ट्री निःशुल्क की जा रही है, जिससे उन्हें आर्थिक भार के बिना अपने भूमि संबंधी अधिकारों का दस्तावेज प्राप्त करने में मदद मिल रही है। स्वामित्व योजना के अंतर्गत मंडला जिले की 6 तहसीलों के 1 हजार 35 ग्रामों में कार्य किया जा रहा है। 26 अक्टूबर 2026 तक जिले में कुल 66 हजार 971 भूखंडों का विवरण दर्ज किया गया है, इनमें से 14 हजार 800 हितग्राहियों की रजिस्ट्री पूर्ण हो चुकी है। तहसीलवार स्थिति के अनुसार बिछिया में 3 हजार 195, नैनपुर में 2 हजार 743, मंडला में 2 हजार 664, नारायणगंज में 2 हजार 339, घुघरी में 1 हजार 967 तथा निवास तहसील में 1 हजार 892 हितग्राहियों की रजिस्ट्री पूर्ण हो चुकी है। इस प्रकार जिले की सभी छह तहसीलों में योजना के तहत ग्रामीणों को स्वामित्व संबंधी दस्तावेज उपलब्ध कराने का कार्य जारी है। स्वामित्व योजना ग्रामीण परिवारों को उनकी आबादी भूमि पर अधिकार का प्रमाण उपलब्ध कराने की महत्वपूर्ण पहल है। स्वामित्व संबंधी अभिलेख मिलने से ग्रामीणों को भूमि पर अपने अधिकार प्रमाणित करने में सुविधा होती है तथा भविष्य में भूमि संबंधी विवादों को कम करने में भी मदद मिल सकती है। पटवारियों द्वारा गांव-गांव पहुंचकर सत्यापन एवं पंजीयन की प्रक्रिया को आगे बढ़ाने से हितग्राहियों को स्थानीय स्तर पर जानकारी और आवश्यक मार्गदर्शन मिल रहा है। जिले में योजना के अंतर्गत शेष पात्र हितग्राहियों की रजिस्ट्री पूर्ण कराने के लिए प्रक्रिया निरंतर जारी है, ताकि अधिक से अधिक ग्रामीणों को उनकी आबादी भूमि का स्वामित्व अधिकार मिल सके।

सिलाई के हुनर ने खोले तरक्की के द्वार, मधु के परिवार की आय में बढ़ोतरी

मण्डला। जिले के नैनपुर विकासखंड के ग्राम मक्के की श्रीमती मधु जंघेला ने स्व-सहायता समूह से जुड़कर आत्मनिर्भरता की राह अपनाई। कभी परिवार की सीमाओं के कारण घर से बाहर निकलने में कठिनाई का सामना करने वाली मधु आज सिलाई कार्य के माध्यम से अपने परिवार की आर्थिक स्थिति मजबूत कर रही हैं। श्रीमती मधु जंघेला 12वीं पास हैं और सूरजमुखी महिला आजीविका स्व-सहायता समूह की सचिव होने के साथ खुशबू महिला आजीविका ग्राम संगठन की भी सचिव हैं।

कृषि उपज मंडी की महारानी की निकली भव्य विसर्जन यात्रा

शरद पूर्णिमा पर भव्य चल समारोह

*** विभिन्न तरह की झांकियों ने लोगों का मोहा मन।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला



शरद पूर्णिमा के पावन अवसर पर रविवार को कृषि उपज मंडी मंडला में आस्था और उल्लास का अद्भुत संगम देखने को मिला। सार्वजनिक दुर्गोत्सव समिति अनाज तिलहन व्यापारी संघ एवं कृषि उपज मंडी मंडला के संयुक्त तत्वावधान में मंडी की महारानी का भव्य चल समारोह निकाला गया। दोपहर से शुरू हुआ यह समारोह जैसे-जैसे शहर की ओर बढ़ा वैसे-वैसे लोगों की भीड़ बढ़ती गई। धार्मिक झांकियों आकर्षक प्रस्तुतियों संगीत और रोशनी से सजा चल समारोह शहरवासियों के लिए आकर्षण का केंद्र बना रहा। चल समारोह में माँ की भव्य प्रतिमा के साथ विभिन्न आकर्षक झांकियां शामिल रहीं। कांतारा की लोकप्रिय झांकी ने लोगों का विशेष ध्यान खींचा। वहीं नरसिंह अवतार की प्रस्तुति ने धार्मिक वातावरण को और भक्तिमय बना दिया। झांकियों और कलाकारों की प्रस्तुतियों को देखने के लिए मार्ग के दोनों ओर बड़ी संख्या में श्रद्धालु और नगरवासी मौजूद रहे। समारोह में इंटरनेशनल वी इवेंट तथा बेंगलुरु के कलाकारों द्वारा प्रस्तुत हॉयसला स्टिक फायर शो विशेष आकर्षण रहा। आग और रोशनी से सजी इस प्रस्तुति ने दर्शकों को रोमांचित कर दिया। कलाकारों के हैरतअंगेज प्रदर्शन को देखने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। कई लोगों ने मोबाइल कैमरों में इन यादगार पलों को कैद किया। चल समारोह में धार्मिक प्रस्तुतियों के साथ मनोरंजन का भी खास इंतजाम किया गया था। आरजू बैंड की संगीतमय प्रस्तुति ने माहौल में उत्साह भर दिया। वहीं रायपुर के रंगोली कलाकार की प्रस्तुति ने लोगों का ध्यान आकर्षित किया। गोंदिया किंग डीजे धमाल और अन्य डीजे प्रस्तुतियों पर युवा थिरकते नजर आए। इसके अलावा ड्रोन यश शो, रियांश इवेंट सहित विभिन्न कलाकारों और टीमों ने अपनी प्रस्तुतियों से समारोह की रौनक बढ़ाई। आसमान में ड्रोन शो और जमीन पर सजी आकर्षक झांकियों ने पूरे आयोजन को भव्य स्वरूप प्रदान किया।



विद्युत विभाग की कथित लापरवाही के चलते गई युवक की जान



हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला/मवई

विद्युत विभाग की कथित लापरवाही के चलते एक युवक की जान जाने का मामला सामने आया है। मृतक युवक की पहचान डैनी धुर्वे निवाशी रामतिला के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, डैनी धुर्वे विद्युत विभाग में हेल्पर का कार्य करता था और घटनास्थल के दिन रहगी गांव में प्रशिक्षित लाइनमैन के साथ ट्रांसफार्मर बदलने के लिए रेहगी गांव गए थे। आरोप है कि मौके पर प्रशिक्षित लाइनमैन के मौजूद रहने के बावजूद विधुत सप्लाई बंद किए बिना ही ट्रांसफार्मर बदलने के लिए हेल्पर को ऊपर चढ़ाया गया। जानकारी अनुसार इसी दौरान हुए हादसे में युवक की जान चली गई।

घटना के बाद विद्युत विभाग की कार्यप्रणाली और सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठ रहे हैं। बिजली के खतरनाक कार्यों में प्रशिक्षित कर्मचारियों की भूमिका ओर सुरक्षा उपकरण सुनिश्चित करना बेहद जरूरी है। सवाल यह भी है कि जब मौके पर प्रशिक्षित लाइनमैन मौजूद था, तो हेल्पर से यह काम क्यों कराया गया?परिजनों के द्वारा मामले की निष्पक्ष जांच कर जिम्मेदारी तय करने और दोषियों पर कार्रवाई करने की मांग उठ रही है। हालांकि, घटना के वास्तविक कारणों और विभागीय लापरवाही की पुष्टि जांच के बाद ही हो सकेगी।

बिना विद्युत सप्लाई बंद किए युवक को ट्रांसफार्मर बदलने के दौरान करेंट की चपेट में आने से दर्दनाक मृत्यु हो गई।

वही मृतक के परिजनों के द्वारा घटना के लिए जे ई को जिम्मेदार बता रहे है ट्रांसफार्मर बदलने के दौरान जे ई के द्वारा कोई भी मॉनिटरिंग नहीं करने के ओर लापरवाही बरतने का आरोप लग रहा है।आरोप है कि बिना किसी सुरक्षा उपकरण के ही चालू लाइन मै युवक को ट्रांसफार्मर बदलने के कार्य पर लगा दिया गया जिसे करते वक्त युवक हादसे का शिकार हो गया।



विनोद रंग मंच पर शरद पूर्णिमा पर हुआ विशाल भंडारा

*** विसर्जन के लिए निकली माता महा काली की निकली विशाल शोभा यात्रा।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला/भुआबिछिया



नगर में कल रामलीला दुर्गोत्सव समिति विनोद रंग मंच द्वारा आयोजित शरद पूर्णिमा के अवसर पर रामलीला समिति के कार्यकर्ताओं का सम्मान एवं विशाल भंडारा का आयोजन किया गया जहां हजारों लोगों ने शरद पूर्णिमा के अवसर पर भंडारा का प्रसाद ग्रहण किया।



मुक्ति मार्ग की माता महा काली का हुआ विसर्जन

नगर के मुक्ति मार्ग में विराजित माँ महाकाली का विसर्जन के बाद आज शाम चार बजे विशाल शोभा यात्रा बैंड बजे डीजे आतिश बाजी के साथ निकाली गई जो पूरा नगर भ्रमण करते हुए देर रात मां काली की प्रतिमा का विसर्जन जलाशय में किया गया जहां हजारों श्रद्धालुओं ने माता के दर्शन कर मां काली का प्रसाद ग्रहण किया।

शरदपूर्णमा पर किया सभी जगह हुआ प्रसाद वितरण

नगर के समस्त दुर्गा पंडालों में जहां जहां मां दुर्गा की स्थापना की गई थी सभी जगह शरद पूर्णिमा पर कार्यक्रम आयोजित किए गए वही अनेकों जगह भंडारा प्रसाद वितरण किया गया।

विनोद रंग मंच में हुआ विशाल भंडारा

मुक्ति मार्ग की माता महा काली की विसर्जन के दौरान निकली शोभा यात्रा।

तीन दिन से लापता ग्रामीण का नदी में मिला शव



मण्डला। मंडला जिले के मोतीनाला थाना क्षेत्र में फेन नदी से सोमवार को एक व्यक्ति का शव मिला। मृतक की पहचान ग्राम पंचायत नहरगंज के पोषक ग्राम भापसा निवासी 45 वर्षीय मोहन धुर्वे के रूप में हुई है। वह पिछले तीन दिनों से लापता थे। उनकी तलाश कर रहे परिजनों को शव मिलने की सूचना दी गई। मोहन धुर्वे के लापता होने के बाद से परिजन उनकी तलाश में जुटे थे। इसी दौरान फेन नदी में शव मिलने की सूचना पुलिस को मिली। मोतीनाला थाना प्रभारी हेमंत बावरिया पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को नदी से निकलवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मोहन धुर्वे की मौत किन परिस्थितियों में हुई, फिलहाल यह स्पष्ट नहीं है। उनकी मौत नदी में डूबने से हुई या इसके पीछे कोई अन्य वजह है, इसका पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट और पुलिस जांच के बाद ही चल सकेगा। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

मॉर्निंग वॉक पर निकले SDO का अपहरण

*** चार बदमाशों ने 3-4 घंटे कार में घुमाया, मारपीट कर चेन-अंगूठी लूटी, खाते से 10 हजार निकाले।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला



मंडला में मॉर्निंग वॉक पर निकले वन विभाग के SDO मानिक लाल बरकड़े का चार बदमाशों ने अपहरण कर लिया। बदमाश उन्हें करीब 3 से 4 घंटे तक कार में घुमाते रहे।

इस दौरान घूंसे और रॉड से मारपीट की, चाकू दिखाकर डराया और आंखों पर गमछा बांधकर सीट के नीचे दबा दिया। बाद में जबलपुर-शहपुरा रोड पर नहर के पास हाथ बांधकर उन्हें उनकी ही कार में छोड़कर फरार हो गए।

बदमाश मोबाइल, चेन और अंगूठी भी ले गए। उनके बैंक अकाउंट से 10 हजार रुपए निकाले जाने की जानकारी भी मिली है।

कार खड़ी कर मॉर्निंग वॉक पर निकले थे घटना 21 अक्टूबर की सुबह की है। SDO बरकड़े ने रविवार को अपनी आपबीती बताते हुए कहा कि वे बड़ी खैरी में रहते हैं। 21 अक्टूबर को सुबह करीब 6 बजे वे अपनी कार से मंडला बायपास पर निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज के पास पहुंचे थे। वहां कार खड़ी कर मॉर्निंग वॉक करने लगे।

करीब एक किलोमीटर चलने के बाद वे नर्मदा पुल के पास पहुंचे। इसी दौरान पीछे से एक कार आई, जिसमें चार लोग सवार थे। उनमें से दो बदमाश नीचे उतरे और उनसे पूछताछ कर यह पुष्टि की कि वे वन विभाग में SDO हैं। इसके बाद दोनों ने उन्हें जबरन कार में बैठा लिया।

बरकड़े के मुताबिक, विरोध करने पर बदमाशों ने घूंसे और रॉड से मारपीट की। उन्हें चाकू दिखाकर डराया और आंखों पर गमछा बांध दिया। इसके बाद कार की पिछली सीट के नीचे दबा दिया। कुछ देर बाद उन्हें दूसरी कार में शिफ्ट कर दिया गया।

बदमाश सुबह करीब 10 बजे तक उन्हें कार में घुमाते रहे। इस दौरान उनकी चेन, अंगूठी, मोबाइल और अन्य सामान लूट लिया। बाद में सीट बेल्ट से उनके हाथ बांधकर उन्हें उनकी ही कार में छोड़ दिया और फरार हो गए।

बरकड़े ने बताया कि बदमाशों के जाने के बाद उन्होंने किसी तरह आंखों से पट्टी हटाई। फिर दांतों की मदद से सीट बेल्ट खोली और बाहर निकले।

इसके बाद लोगों की मदद से पुलिस को घटना की सूचना दी। उन्हें अपने बैंक अकाउंट से 10 हजार रुपए निकाले जाने की जानकारी भी मिली।

बरकड़े का कहना है कि उनका किसी से कोई विवाद नहीं है, इसलिए वे अपहरण की वजह नहीं समझ पा रहे हैं।

एसडीओपी पीयूष मिश्रा ने बताया कि मामले में भारतीय न्याय संहिता (BNS) की धारा 140(3) और 309(6) के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना की जा रही है। पुलिस बदमाशों की पहचान करने और अपहरण के पीछे की वजह पता लगाने में जुटी है।



विडम्बना | **जनजातीय कार्य विभाग फिर सवालों के घेरे में।**

पेंशन प्रोसेसिंग के नाम पर 25 हजार की रिश्वत के आरोप

*** बीईओ कार्यालय के कर्मचारियों ने आखिर क्यों लिये 25 हजार।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला



जिले में सरकारी कार्यालयों की कार्यप्रणाली और सेवानिवृत्त कर्मचारियों के लंबित भुगतान को लेकर एक बार फिर सवाल खड़े हो रहे हैं। जनजातीय कार्य विभाग से जुड़े एक मामले में सेवानिवृत्त प्राचार्य को लंबित सेवानिवृत्ति स्वत्वों का भुगतान कराने एवं पेंशन प्रोसेसिंग के नाम पर 25,000 रूपये रिश्वत देने मजबूर होना पड़ रहा है इस मामले ने विभागीय कार्यप्रणाली, पारदर्शिता और जवाबदेही को लेकर चर्चा तेज कर दी है।

डॉ. विजय दुबे, शासकीय हाई स्कूल मगरधा, बीजाडांडी में प्राचार्य पद से 30 जून 2026 को सेवानिवृत्त हुए थे। उनके अनुसार, पेंशन भुगतान आदेश (PPO) जारी होने के बावजूद जीपीएफ, अवकाश नगदीकरण, ग्रेच्युटी तथा अन्य लंबित स्वत्वों का भुगतान अब तक नहीं हुआ है।

कलेक्टर को दिए गए आवेदन के मुताबिक, 10,000 रूपये दिनांक 24 अप्रैल 2026 को तथा 15,000 रूपये दिनांक 26 जून 2026 को ऑनलाइन माध्यम से संबंधित व्यक्तियों के खातों में हस्तांतरित किए गए। आवेदक ने इस राशि के लेन-देन की जांच और जिम्मेदारी तय करने की मांग की है। इन आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि तथा संबंधित पक्षों का जवाब सामने आना अभी बाकी है।

मंडला में जनजातीय कार्य विभाग की कार्यप्रणाली को लेकर समय-समय पर शिकायतें और चर्चाएं सामने आने की बात कही जाती है। कुछ लोगों के बीच यह आरोप भी सुनने में आता है कि सरकारी कामकाज की प्रक्रिया में छोटे कर्मचारियों के माध्यम से रकम लिए जाने की व्यवस्था हो सकती है। हालांकि, ऐसी व्यापक शिकायतों की पुष्टि के लिए दस्तावेजी साक्ष्य, शिकायतों का रिकॉर्ड और निष्पक्ष जांच आवश्यक है। केवल चर्चाओं के आधार पर किसी अधिकारी या पूरे विभाग को दोषी ठहराना उचित नहीं होगा।

यदि किसी कर्मचारी से पेंशन या सेवानिवृत्ति लाभ जारी करने के नाम पर अनधिकृत राशि ली गई है, तो यह गंभीर जांच का विषय है। सेवानिवृत्त कर्मचारियों को अपने वैधानिक अधिकार प्राप्त करने के लिए कथित तौर पर अतिरिक्त भुगतान की आवश्यकता क्यों महसूस हो रही है—यह सवाल प्रशासनिक जवाबदेही के दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण है।

डॉ. दुबे ने अपने आवेदन की प्रतिलिपि जनजातीय कार्य विभाग के आयुक्त, भोपाल; संभागीय उपायुक्त, जबलपुर तथा सहायक आयुक्त, मंडला को भेजकर आवश्यक कार्रवाई का अनुरोध किया है। अब अपेक्षा है कि प्रशासन मामले की निष्पक्ष जांच कराए, भुगतान में देरी के कारणों को स्पष्ट करे, संबंधित लेन-देन की जांच करे और यदि कोई अनियमितता प्रमाणित होती है तो नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित करे।

सेवानिवृत्ति के बाद मिलने वाली राशि कर्मचारी की वर्षों की सेवा का अर्जित अधिकार होती है। ऐसे में भुगतान में अनावश्यक देरी और प्रोसेसिंग के नाम पर कथित रकम दिए जाने के आरोपों को हल्के में नहीं लिया जा सकता। प्रशासन को चाहिए कि वह इस मामले में समयबद्ध जांच कर वास्तविक स्थिति सार्वजनिक करे, ताकि कर्मचारियों का भरोसा बना रहे और भविष्य में ऐसी शिकायतों की पुनरावृत्ति रोकी जा सके।

खबर संक्षेप



कुशाग्र नीखरा हैकाथॉन 3.0 में जीत का परचम लेहराते हुये नगर का गौरव बढ़ाया

हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा। शिक्षा, संस्कार और नवाचार के संगम समीपस्थ एनटीपीसी के पास संचालित स्कूल ने एक बार फिर सिद्ध कर दिया कि प्रतिभा किसी महानगर की मोहताज नहीं होती। चाइल्ड एजुकेशन सोसाइटी सीईइस द्वारा आयोजित एवं बीबीपीएस द्वारका, नई दिल्ली द्वारा आतिथेय राष्ट्रीय स्तर के बाल भारती हैकाथॉन 3.0 में बीबीपीएस गाडरवारा ने प्रथम स्थान अर्जित कर समूचे क्षेत्र एवं मध्य प्रदेश अंचल को गौरवान्वित किया है। बताया जाता है कि इस राष्ट्रीय महाकुंभ में देशभर के 28 प्रतिष्ठित बाल भारती विद्यालयों के मेधावी सपूतों ने अपनी कल्पनाशीलता, तकनीकी दक्षता और सृजनात्मक चिंतन का अद्भुत प्रदर्शन किया । हरित नवाचार - हरित भविष्य के निर्माण की ओर' जैसे सामयिक और चिंतनशील विषय पर कक्षा 6 से 9 वर्ग में आयोजित इस स्पर्धा में गडरवारा के होनहारों ने अपनी मौलिक उद्भावना और तकनीकी कौशल से निर्णायक मंडल का हृदय जीत लिया। कुशाग्र नीखरा (सुपौत्र - वरिष्ठ कांग्रेस नेता शिवकुमार नीखरा, सुपुत्र - श्रीमती कीर्ति एवं केशव नीखरा*एवं शौर्य तिवारी कुंज राठी , मार्गदर्शिका श्रीमती प्रियंका यादव, आपको बता दे की कुशाग्र नीखरा ने दिन रात मेहनत कर यह मुकाम हासिल किया है। अगर हम सच्ची ईमानदारी से मेहनत करें तो हर मंजिल हम पा सकते हैं। यह कुशाग्र ने सवित कर बता दिया। बोटिक्स इंस्ट्रक्टर देश के कोने-कोने से आए प्रतिभा-संपन्न विद्यार्थियों के बीच इन त्रिमूर्तियों ने अपने नवीन विचारों, अटूट टीम-भावना और धरा को हरा-भरा बनाने के टिकाऊ समाधानों से अपनी विशिष्ट पहचान स्थापित की। यह उपलब्धि महज एक पुरस्कार नहीं, अपितु भावी पीढ़ी के एक स्वच्छ, हरित और सुरक्षित कल के प्रति संकल्पबद्धता का स्वर्णिम प्रतीक है।

जनपद शिक्षा केंद्र चीचली में आज आयोजित होगा यू डाइस प्लस का विकासखंड स्तरीय प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज/चीचली। सर्व शिक्षा अभियान के अंतर्गत कार्यालय जनपद शिक्षा केंद्र चीचली द्वारा वर्ष 2026-27 के लिए यू-डाइस प्लस एवं पीजीआई इंडेक्स पर एक दिवसीय विकास खंड स्तरीय प्रशिक्षण सह उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन आज 27 अक्टूबर से 05 नवंबर तक किया जा रहा है। इस संबंध में चीचली बीआरसी डी के पटैल ने जानकारी देते हुए बताया कि यूडाइस प्लस पोर्टल के माध्यम से शालाओं के विद्यार्थियों का नामांकन, इन्फ्रास्ट्रक्चर, शिक्षकों की जानकारी एवं अकादमिक परफॉरमेंस का सटीक और प्रमाणिक डेटा एकत्र किया जाता है। इस डेटा का उपयोग केंद्र एवं राज्य के शिक्षा विभाग, नीति निर्धारकों तथा शोधकर्ताओं द्वारा शैक्षणिक योजनाओं के निर्माण, मॉनिटरिंग एवं मूल्यांकन हेतु किया जाता है। प्रशिक्षण जनपद शिक्षा केंद्र चीचली में दोपहर 12:30 बजे से शाम 04:30 बजे तक आयोजित होगा। आज 27 अक्टूबर को जनशिक्षा केंद्र तेंदूखेड़ा तथा कल 28 अक्टूबर को जनशिक्षा केंद्र सूखाखैरी एवं 29 अक्टूबर को जनशिक्षा केंद्र सालीचौका तथा 30 अक्टूबर को जनशिक्षा केंद्र बारह बड़ा के बाद 2 नवंबर को जनशिक्षा केंद्र करपगाँव सहित 3 नवंबर को जनशिक्षा केंद्र शाहपुर एवं 4 नवंबर को जनशिक्षा केंद्र कठोतिया के आलवा 5 नवंबर को जनशिक्षा केंद्र चीचली के शिक्षक सहभागिता करेंगे।

सोमवती स्नान दान शरद पूर्णिमा के अवसर पर नर्मदा तटों पर उमड़ा जन सैलाब, पैदल से लेकर सरे भरते हुये जाने वालों की नगर के मार्गो पर रात देखने मिली लाईने,






हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा। सदा ही क्षेत्र की रक्षा करने वाली माँ नर्मदा के लिये हर माह की पूर्णिमा को देखा जाता है कि जिस प्रकार से क्षेत्रवासी व भक्त जहां पैदल पहुंचते है। वही कुछ भक्तों को सरे भरते हुये देखा जाता है। इसी का परिणाम है क्षेत्र के लोगों की माँ नर्मदा जी द्वारा सदा रक्षा की जाती है आज तक क्षेत्र में इस प्रकार से कोई बड़ा संकट नही आया है। कुछ इसी प्रकार से बीते हुये सोमवार को भी देखने मिला जहां स्नानदान शरद पूर्णिमा के मौके पर माँ नर्मदाजी के तटों पर भक्तों की भीड़ उमड़ते हुये देखी गई। वैसे इस बार एक दिन पहले जहां व्रत पूर्णिमा थी वही दूसरे दिन यानि की सोमवार को स्नादान दान शरद पूर्णिमा के चलते क्षेत्र के ककरा नर्मदा घाट, भटेरा घाट, झिकोली घाट, शोकलपुर घाट, कोठिया घाट, घघरौला खुर्द, लिंगा खुर्द नर्मदा तट पर दिन भी भक्तों की भीड़ लगी रही। वही हजारों की संख्या में पहुंचकर लोगों ने माँ नर्मदा के निर्मल नीर में डुबकी लगाते हुये माँ नर्मदाजी की पूजन करते हुये क्षेत्र की सुख समृद्वि की कामना की गई । इस प्रकार से सोमवार के दिवस पड़ी स्नान दान व शरद पूर्णिमा के दौरान देखा गया कि एक दिन पहले यानि की रात से ही पैदल जाने वाले महिला, पुरूष वच्चों की शहर की सड़को पर लाईने लगी हुई देखी गई जो दूर दूर के गांवों से नर्मदा स्नान के लिये पैदल पहुंच और नर्मदा में पहुंचकर डुबकी लगाई गई। प्रतिवर्ष देखा जाता है कि शरद पूर्णिमा के मौके पर नर्मदा तटों पर श्रद्वालुओं की भीड़ उमड़ते हुये देखी जाती है उसके चलते नर्मदा तटों की स्थिति इस प्रकार से बन जाती है कि वहां पर पैर रखने के लिये भी जगह मिल पाना मुश्किल हो जाता है और इसी बात को ध्यान में रखते हुये प्रशासन द्वारा पुख्ता इंतजाम किये जाते है। इस तरह शरद पूर्णिमा के अवसर पर एक दिन पहले से ही नर्मदा स्नान करने जाने वालें के जत्थें रविवार की शाम शहर की सड़कों से निकलते हुये देखे गये और रात के समय नर्मदा तटों में मेले जैसा नजारा दिखाई देने से नही चूक रहा था। इस तरह देर रात क्षेत्र की सड़को से लेकर नर्मदाजी के तट जयकारों से गूंजते हुये नजर आने लगे थें और लोगों द्वारा आस्था की डुबकी लगाते हुये पूजन अर्चन करते हुये दीप दान किया गया। इस प्रकार से लम्बे अंतराज के बाद पड़ी हुई सोमवती शरद पूर्णिमा के दौरान नर्मदा तटों पर उमड़ने वाली भीड़ को ध्यान में रखते हुये प्रशासन पूर्णरूप से सतर्क नजर आ रहा था तो दूसरी ओर सभी घाटो पर पैनी नजर बनाये थों। क्योंकि बीते हुये वर्ष जिस तरह अनेक जगहों पर घटनाएं घटित होने के कारण लोगों की जिन्दगी खतरे में पड़ जाने की बात को ध्यान में रखते हुये अधिकारियों द्वारा पुख्ता इंतजाम किये गये थें और इसी का परिणाम है कि इस वर्ष समाचार लिखे जाने तक कही से भी कोई घटना घटित होने की कोई जानकारी नही मिली है..? क्योंकि प्रतिवर्ष के अनुसार इस वर्ष भी जहां शरद तथा कार्तिक पूर्णिमा पर माँ नर्मदा भक्तों की भीड़ उमड़ते हुये देखी जाती है। इसी के चलते प्रशासन सतर्क रहता है। क्योंकि गाडरवारा क्षेत्र के झिकोली, शोकलपुर नीलकुंड व भटेरा सहित थरेरी व कोठिया, लिंगा खुर्द नर्मदा घाट क्षेत्र के श्रद्वालुओं के लिये नर्मदा स्नान करने व पूजन करने के लिये प्रमुख माने जाते है जहां पर हर पूर्णिमा के मौके पर नर्मदा भक्तों की भीड़ उमड़ने से नही चूकती है, जिसमें प्रमुख रूप से शरद व कार्तिक पूर्णिमा के मौके पर सच्चाई किसी से छिपी नही रहती है। प्रतिवर्ष इस दिवस यहां पर हजारों की संख्या में भक्त इन घाटों पर पहुंचकर जहां माँ नर्मदा में आस्था की डुबकी लगाते हुये पूजन अर्चन करते हुये भण्डारों का आयोजन भी करते है। इसी के चलते बीते हुये सोमवार को स्नानदान शरद पूर्णिमा पर स्नान करने वालों की रात से ही भक्तों के पैदल जत्था पहुंचना शुरू हो गये थें जिसमें अधिकाशो द्वारा तो रात के समय ही स्नान कर लिये गये थें तो कुछ लोगों द्वारा वहां पर विश्राम करते हुये नर्मदाजी के तट पर भजन कीर्तन करते हुये देखा गया और जब सूर्य उदय हुआ तो इसके बाद डुबकी लगाते हुये पुण्य लाभ अर्जित किया। इस प्रकार का हाल नर्मदाज के सिर्फ एक ही घाट का नही बल्कि झिकोली, शोकलपुर, ककराघाट, थरेरी, कोठिया घाट, घघरौला खुर्द, लिंगा खुर्द सहित लगभग सभी घाटों पर भीड़ का आलम देखने मिला। वही नर्मदाजी के पावन माने जाने समीपस्थ लिंगा खुर्द नर्मदा तट पर अनेक भक्तों द्वारा आयोजित भजन कीर्तन में सैकड़ो की संख्या में लोगों ने पहुंचकर माँ नर्मदाजी का आर्शीवाद ग्रहण किया।




आटों चालको आमजन की जिन्दगी को डाल रहे खतरे, प्रशासन की चुप्पी से हो रहे हौसले बुलंद

हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा। जहां एक ओर आये दिन पुलिस प्रशासन के अधिकारियों को शहर से लेकर बाहरी मार्गो पर दो पाहिनों के खिलाफ कार्यवाही करते हुये जरूर देखा जाता है। इस कार्यवाही के चलते निश्चित ही लोगों की मनमानी पर अंकुश लगता है। मगर सबाल यह पैदा हो रहा है कि आटों चालकों द्वारा की जाने वाली मनमानी को नजर अंदाज क्यों किया जा रहा है जो खुलेआम अपने आटों में ओबर लोडिंग करते हुये लोगों की जिन्दगी के साथ खिलबाड़ करने से नही चूक रहे है। यदि सच्चाई पर गौर किया जावे तो शहर के अंदर आटों चालकों के हौसले इतने बुलंद नजर आ रहे है कि वह चार यात्रियों की क्षमता के साथ सबारी ढोने की अनुमति के बीच अपने आटों में दस दस सबारी भेड बकरी की तरह भरते हुये पुलिस थाने के सामने से फर्राटे मारते हुये खुलेआम निकलने के बाद भी कार्यवाही न होना निश्चित तौर से आटों चालकों की मनमानी पर उनके हौसले बुलंद होने से नही चूक रहे है? मामला यहां तक ही सीमित नही रह गया है इन आटों चालकों की मनमानी का दूसरा उदाहरण नगर के रेलवे स्टेशन से शहर की ओर आने वाले मार्ग पर लगी हुइ चाय पान दुकानों के सामने उस समय देखने मिलता है जब आटों चालक अपने आटों को मुख्य मार्ग पर खड़ा करते हुये चाय पान दुकानों पर खड़े होकर गप्पे मारते हुये देखे जाते है और इस स्थिति में आम लोगों के लिये आने जाने में परेशानियों का सामना करने के लिये मजबूर होना पड़ता है। वही शहर के अंदर का हाल तो इस तरह होता है कि आटों चालक अपने सबारियों को बैठाने या फिर उतारने के लिये सड़क पर चलते चलते अचानक कही भी रोकने से नही चूकते है। इस स्थिति में जब आटों के पीछे कोई वाहन जा रहा होता है और अचानक इन आटों के मुख्य मार्ग पर रोक देने की स्थिति में आटों के पीछे चलने वाला वाहन दुर्घटना ग्रिस्त होने से नही चूक पाता है..? जबकि नियम के अनुसार जब कही कोई सबारी बैठाना या फिर उतारना होता है तो आटों को सड़क किनारे खड़ा करना चाहिये मगर इन आटों चालकों की मनमानी इस तरह से देखने मिल रही है कि वह खुलेआम सड़क के बीचों बीच अचानक आटों को रोकते हुये लोगों की जिन्दगी को खतरे में डालने से नही चूक रहे है। इस संबंध में जब आटो चालक संघ के अध्यक्ष अमित दुबे से चर्चा की गई तो उनका कहना है कि आटों चालकों द्वारा ओबर लोड़गि सबारियाँ भरने के साथ

धूमधाम के साथ निकाला गया धूनी नगरी सांईखेड़ा माँ काली का विसर्जन जुलूस, कलाकारो की प्रस्तुति से मग्न मुग्ध होकर दी जगत जननी को बिदाई






हरिभूमि न्यूज/सांईखेड़ा। नवरात्र के दौरान जहां तहां स्थापित की गई मातारानी की प्रतिमाओं के विसर्जन का जो शिल शिला शुरू हुआ वही तो पूरा हो चुका है। मगर हर साल देखा गया कि दादा धूनीवालों की नगरी सांईखेड़ा में स्थापित होने वाली नर्मदे हर मंडल कमला पैलेस में स्थापित माँ काली की प्रतिमा का विसर्जन शरद पूर्णिमा के मौके पर किया जाता है। वर्षो से चली आ रही इसी परम्परा के चलते बीते हुये सोमवार यानि की व्रत शरद पूर्णिमा के मौके पर नगर में बडे ही भव्यता के साथ माँ काली का विसर्जन जूलूस निकाला गया। नर्मदे हर मंडल, कमला पैलेस के तत्वावधान में आयोजित इस भव्य चल समारोह में आकर्षक धार्मिक झांकियों, ढोल-ताशों, नगाड़ों, बैंड-बाजों और कलाकारों की मनमोहक प्रस्तुतियों ने श्रद्धालुओं का ध्यान आकर्षित किया। माँ भगवती के जयकारों से नगर का वातावरण भक्तिमय हो उठा। चल समारोह में शामिल श्रद्धालुओं ने पूरे उत्साह और श्रद्धाभाव के साथ माँ भगवती को विदाई दी गई। बताया जाता है कि चल समारोह का शुभारंभ दोपहर 2 बजे कमला पैलेस से हुआ। यहाँ से चल समारोह नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए झीकोली की ओर रवाना हुआ। आयोजन को आकर्षक और यादगार बनाने के लिए आयोजक मंडल द्वारा विशेष तैयारियाँ की गई थीं। फूलों की रंगोली से लेकर विशाल धार्मिक प्रतिमाओं और कलाकारों की प्रस्तुतियों तक, प्रत्येक आकर्षण ने चल समारोह की भव्यता में चार चाँद लगाने में कोई कसर नही छोड़ी गई थी। वही इस चल समारोह के प्रारंभ में रंग-बिरंगे फूलों से सजाई गई रंगोली ने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। इसके बाद कमला पैलेस में विराजमान प्रथम पूजनीय भगवान श्री गणेश जी की मनमोहक झांकी के दर्शन हुए। श्रद्धालुओं ने भगवान गणेश के दर्शन कर सुख-समृद्धि और मंगलमय जीवन की कामना करने के साथ ही साईंखेड़ा का प्रसिद्ध बैंड अपनी शानदार धुनों के साथ चल समारोह में शामिल हुआ। ढोल-ताशों और बैंड-बाजों की गूंज से नगर की सड़कों पर उत्साह का माहौल बन गया। क्षेत्र के प्रसिद्ध अखाड़े के कलाकारों ने अपने शारीरिक कौशल और हैरतअंगेज करतबों से लोगों का ध्यान आकर्षित किया। वही चल समारोह में रामभक्त महाबली श्री हनुमान जी की भव्य झांकी विशेष आकर्षण का केंद्र रही। हनुमान जी के दिव्य स्वरूप के दर्शन करने के लिए श्रद्धालुओं में उत्साह दिखाई दिया। इस तरह लगभग 40 कलाकारों से सुसज्जित रुद्रनाथ ग्रुप ने अपने दमदार ढोल-ताशों, छज्जों और नगाड़ों की गूंज से पूरे वातावरण को ऊर्जावान बना दिया। ग्रुप की प्रस्तुतियों ने चल समारोह की भव्यता को और बढ़ाया। पारंपरिक वाद्ययंत्रों की गूंज और धार्मिक जयकारों के बीच श्रद्धालु भक्ति के रंग में रंगे नजर आए। चल समारोह में माँ राजराजेश्वरी की सुंदर एवं मनमोहक झांकी ने श्रद्धालुओं को आकर्षित किया। इसके साथ ही साईंखेड़ा नगर में इस वर्ष श्रद्धालुओं के बीच विशेष आकर्षण का केंद्र रही माँ वन देवी की अद्भुत झांकी भी शामिल रही। धार्मिक और कलात्मक स्वरूप में सजाई गई इन झांकियों ने भारतीय संस्कृति, आस्था और धार्मिक परंपराओं की सुंदर झलक प्रस्तुत की गई तथा बाहर से आए कलाकारों ने माँ महाकाली के प्रभावशाली स्वरूप में प्रस्तुतियाँ दीं। इन प्रस्तुतियों ने श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह का संचार किया। माँ भद्रकाली के पंचमुखी स्वरूप ने भी लोगों का ध्यान आकर्षित किया। इस चल समारोह का सबसे प्रमुख आकर्षण लगभग 13 फीट ऊँची माँ महाकाली की भव्य प्रतिमा रही। विशाल और दिव्य स्वरूप में सुसज्जित माँ महाकाली की प्रतिमा के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह दिखाई दिया। इसके साथ माँ भद्रकाली के पंचमुखी स्वरूप और अन्य धार्मिक झांकियों ने आयोजन को विशेष पहचान प्रदान की।चल समारोह में शामिल विभिन्न झांकियों ने श्रद्धालुओं को धार्मिक आस्था से जोड़ने के साथ ही नगर की सांस्कृतिक और धार्मिक परंपराओं को भी जीवंत किया। आयोजन में प्रसादी वितरण की व्यवस्था भी रखी गई। चल समारोह के दौरान नगर परिषद प्रांगण में माँ भगवती की भव्य महाआरती आयोजित की गई। इस पावन अवसर पर श्रद्धालुओं ने माँ भगवती की आराधना कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि, शांति और खुशहाली की कामना की गई। ।

राज्य स्तरीय शालेय क्रिकेट प्रतियोगिता में रीवा सहित सागर, नर्मदापुरम तथा जबलपुर ने सेमी फाईनल में बनाई जगह




हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा। प्रदेश के स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री उदय प्रताप सिंह के प्रयासों से नगर के पुराने कालेज खेल मैदान सहित बोहानी, चीचली में खेली जा रही 70 वी राज्य स्तरीय शालेय क्रिकेट प्रतियोगिता के मैचों में शानदान खेलो का प्रदर्शन होते हुये देखा जा रहा है। सोमवार को हुये अलग अलग संभागों की टीमों के बीच मुकाबलों में रीवा, जबलपुर, नर्मदापुरम एवं सागर संभाग की टीमों ने अपने खेल का शानदार प्रदर्शन करते हुये जीत का परचम लेहराने के साथ ही सेमीफाइनल में जगह सुनिश्चित कर ली गई है। सोमवार को प्रतियोगिता के चौथे दिन कुल 6 मैच खेले गये। इस संबंध में आयोजन समिति के प्रचार प्रसार समिति सदस्य मधुसूदन पटैल ने अपनी जानकारी में बताया की रीवा संभाग ने ग्वालियर संभाग की टीम को 8 विकेट से पराजित किया गया। ग्वालियर संभाग की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवरो में 8 विकेट खोकर 147 रन बनाये। वही जवाब में रीवा ने 15 ओवरो में ही 2 विकेट खोकर निर्धारित लक्ष्य हासिल किया। इसी प्रकार से शहडोल संभाग ने इंदौर टीम को 2 विकेट से शिकस्त दी। इस मैच में इंदौर संभाग की टीम ने निर्धारित 20 ओवरो के मैच में 9 विकेट खोकर 154 रन बनाये जवाब में शहडोल संभाग की टीम ने 20 वे ओवर में 8 विकेट खोकर अपने लक्ष्य को पूरा करते हुये 157 रन बनाकर मैच जीत लिया। इसी प्रकार से जबलपुर संभाग ने नर्मदापुरम के बीच खेले गये मैच में जबलपुर ने इस मैच को 9 विकेट जीता। नर्मदापुरम टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवरो में सभी विकेट खोकर मात्र 94 रन बनाये जवाब में जबलपुर संभाग की टीम ने 12 वे ओवर में ही 1 विकेट खोकर 95 रन बनाकर मैच जीत लिया। वही नगर के मैदान पर खेले गये दूसरे मैच में जबलपुर संभाग ने जनजातीय कार्य विभाग की टीम को 9 विकेट से पराजित किया। जनजातीय कार्य विभाग की टीम ने 20 ओवरो में 9 विकेट खोकर 101 रन बनाये जवाब मे जबलपुर संभाग की टीम ने 1 विकेट खोकर 17 वे ओवर में जीत हालिस कर ली गई थी। इसी प्रकार से सागर संभाग ने भोपाल को 19 रनो पराजित करते हुये जीत हासिल की गई। सागर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवरो में 9 विकेट खोकर 145 रन बनाये जवाब में भोपाल संभाग की टीम 17 ओवर में ही 126 बनाकर ऑल आउट होकर मैच हार गई। वही दोपहर के बाद संपन्न हुये मैच में सागर संभाग ने उज्जैन को 35 रनो से पराजित किया। निर्धारित 15 ओवरो के मैच में सागर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 7 विकेट खोकर 125 रन बनाये। वही जवाब में उज्जैन संभाग की टीम 15 ओवर में 90 रन पर ही सिमटते हुये पराजित हो गई। इस तरह इस प्रतियोगिता में आज रीवा, सागर, नर्मदापुरम सहित जबलपुर संभाग की टीमों के बीच सेमी फाईनल मुकाबले खेले जावेगे।



सड़क किनारे खडे रहने वाले वाहनों को लेकर क्षेत्रवासियों द्वारा एनटीपीसी प्रबंधन को सौपा ज्ञापन




हरिभूमि न्यूज/चीचली। समीपस्थ एनटीपीसी से निकलने वाली राख का परिवहन संपूर्ण क्षेत्र में चर्चा का विषय बनने के साथ आम लोगों की जिन्दगी को खतरे में डालने से नही चूक रहा है। बताया जाता है कि प्लाई ऐश का परिवहन करने वाले भारी भरकम डम्फरों के माध्यम से सड़को पर गिरने वाली इस राख के चलते आम लोगों का सांस लेना मुश्किल होने के चलते लगातार आक्रोश बढ़ने से नही चूक रही है। इसी के चलते बीते हुये दिवस क्षेत्र के लोगों द्वारा एनटीपीसी प्रबंधन को ज्ञापन सौपते हुये सात दिन के अंदर समस्या के निराकरण की मांग की गई है। NTPC गाडरवारा परियोजना क्षेत्र में भारी वाहनों की लापरवाही और उड़ती राखड़ से परेशान होकर क्षेत्र के समस्त प्रभावित किसानों एवं स्थानीय नागरिकों ने मुख्य महाप्रबंधक महोदय (CGM) को सामूहिक ज्ञापन सौंपा। बताया जाता है कि सौपे गये ज्ञापन में उल्लेखित किया गया है कि मटेरियल गेट नं. 01 से बेवरेज कांटा तक भारी वाहन सड़क के दोनों ओर खड़े रहते हैं, जिससे स्कूली बच्चों और राहगीरों के लिए हर समय दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। इन भारी वाहनों की आवाजाही से उड़ती फ्लाई ऐश और धूल-मिट्टी के कारण स्थानीय लोगों का सांस लेना मुश्किल हो रहा है। वही दूसरी ओर खेतों में राखड़ और धूल जमने से किसानों की फसलें बर्बाद होने की कगार पर हैं। मांग की जाती है कि सड़क के दोनों ओर अनधिकृत खड़े भारी वाहनों को तत्काल हटाया जाए और केवल निर्धारित पार्किंग का उपयोग होना चाहिये। वही प्रभावित मार्गों पर रोजाना नियमित पानी का छिड़काव एवं सफाई कराई जाए। फ्लाई ऐश का परिवहन पूरी तरह से सुरक्षित एवं ढके हुए वाहनों में ही किया जाए। प्रभावित कृषि भूमि व फसलों की वैज्ञानिक जांच कराकर उचित कार्रवाई की जाए। वही ज्ञापन के माध्यम से यह चैतावनी भी दी गई है कि यदि 7 दिवस के भीतर समस्याओं का स्थायी निराकरण नहीं किया गया, तो प्रभावित किसान व क्षेत्रवासी शांतिपूर्ण व लोकतांत्रिक तरीके से सामूहिक विरोध-प्रदर्शन के लिए बाध्य होंगे जिसका जिम्मेदार एनटीपीसी प्रबंधन होगा।

हेण्ड पंप निर्माण को लेकर पार्षद प्रतिनिधि ने मंत्री को सौपा मांग पत्र



हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा। अपने अपने वार्ड में निवास करने वाले लोगों की समस्या हो या फिर उनकी धार्मिक भावनाओं की जरूरतों को पूरा करने की सोच के चलते आजाद वार्ड पार्षद प्रतिनिधि सदा ही आगे रहने से नही चूकते है। कुछ इसी प्रकार से बीते हुये दिवस जब क्षेत्र के विधायक व प्रदेश के शिक्षा परिवहन मंत्री राव उदय प्रताप सिंह का नगर आगमन हुआ तो पार्षद प्रतिनिधि सतीश कौरव द्वारा उनसे मुलाकात करते हुये अपने यानि की आजाद वार्ड के कृष्णा नगर के नव निर्मित मंदिर के पास एक हेन्ड पंप की मांग के लिये मांग पत्र सौपा गया। इस संबंध में सतीश कौरव द्वारा जानकारी देते हुये बताया है कि हमारे क्षेत्र के विधायक व प्रदेश के कैबिनेट मंत्री राव उदय प्रताप सिंह के समक्ष वह जब भी वार्ड विकास व आम लोगों की जरूरतों को पूरा करने के लिये कोई मांग रखी गई है तो उसे पूरा करने में पीछे नही रहे है। इसी प्रकार से हेण्ड पंप निर्माण के लिये सौपे गये इस मांग पत्र को लेकर भी मंत्री राव उदय प्रताप सिंह द्वारा शीघ्र ही इस हेण्ड पंप का निर्माण कार्य पूरा किये जाने का भरोसा दिया गया है। ज्ञात हो कि इस हेण्ड पंप के माध्यम से जहां कालोनी के लोगों को पीने के पानी की जरूरत तो पूरी होगी ही वही आने वाले भविष्य में जब मंदिर का निर्माण पूर्ण होने के बाद भगवान जी की स्थापना हो जावेगी तो मंदिर पहुंचने वाले श्रद्धालुओं को भी शुद्ध जल प्राप्त होने से नही चूकेगा।

खबर संक्षेप

महर्षि वाल्मीकि जयंती पर अर्पित किए श्रद्धासुमन

डिंडौरी। भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय डिंडौरी में महर्षि



वाल्मीकि जयंती श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने महर्षि वाल्मीकि के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनका स्मरण किया तथा उनके आदर्शों को आत्मसात करने का संकल्प लिया।कार्यक्रम में महर्षि वाल्मीकि के जीवन, साहित्य और विचारों पर प्रकाश डालते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का आह्वान किया गया। वक्ताओं ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि के आदर्श सत्य, धर्म, सदाचार और सामाजिक समरसता की प्रेरणा देते हैं। उनकी शिक्षाएं समाज में एकता, सद्भाव और नैतिक मूल्यों को मजबूत करने का संदेश देती हैं। उनका जीवन और साहित्य भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है, जो सदैव समाज का मार्गदर्शन करता रहेगा।इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष चमरू सिंह नेताम, जिला महामंत्री लक्ष्मण सिंह ठाकुर, पूर्व जिला उपाध्यक्ष मनोहर ठाकुर, 'मन की बात' मीडिया प्रभारी प्रदेश धनेश धनंजय, मंडल अध्यक्ष आशीष वैश्य, मंडल महामंत्री भागीरथ उरेती, तरुण ठाकुर, मंडल मंत्री यशवंत तोमर सहित अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



डिंडौरी में तीन दिवसीय सांस्कृतिक आयोजन शुरू

गोंड सभ्यता के महानायकों की गाथाओं से जीवंत हुआ 'जननायक' मंच

डिंडौरी। गोंड सभ्यता के महानायकों के शौर्य, पराक्रम और गौरवशाली इतिहास को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से मध्यप्रदेश शासन के संस्कृति विभाग द्वारा डिंडौरी में तीन दिवसीय सांस्कृतिक आयोजन 'जननायक' का शुभारंभ किया गया। 25 से 27 अक्टूबर तक शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय के खेल मैदान में आयोजित इस कार्यक्रम में नृत्य-नाट्य के माध्यम से गोंड समाज की ऐतिहासिक गाथाओं, परंपराओं और सांस्कृतिक विरासत का सजीव चित्रण किया जा रहा है।आयोजन के पहले दिन 25 अक्टूबर को राजा पेमलशाह के जीवन, वीरता और योगदान पर आधारित नृत्य-नाट्य प्रस्तुत किया गया। श्री सतीश व्यास के निर्देशन एवं पुनर्संयोजन तथा श्री मिलिंद त्रिवेदी के संगीत निर्देशन में कलाकारों ने प्रभावशाली प्रस्तुति देकर दर्शकों को गोंड सभ्यता के गौरवशाली अतीत से परिचित कराया। कार्यक्रम के तहत 26 और 27 अक्टूबर को भी गोंड सभ्यता के महानायकों के जीवन, संघर्ष और ऐतिहासिक योगदान पर आधारित प्रस्तुतियां आयोजित की जाएंगी।आयोजन का उद्देश्य गोंड समाज की समृद्ध संस्कृति, लोककलाओं, पारंपरिक नृत्य और ऐतिहासिक गाथाओं को संरक्षित कर नई



पीढ़ी तक पहुंचाना है। कार्यक्रम में शामिल जनप्रतिनिधियों ने ऐसे आयोजनों को सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण और संवर्धन की दिशा में महत्वपूर्ण बताया।

शहपुरा विधायक ओमप्रकाश धुर्वे ने कहा कि 'जननायक' जैसे आयोजन गोंड समाज के गौरवशाली इतिहास, परंपराओं और महानायकों के योगदान को समझने का अवसर प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि समय के साथ कई पारंपरिक कलाएं और लोकगाथाएं धीरे-धीरे विस्मृत होती जा रही हैं। ऐसे में रंगमंच और नृत्य-नाट्य के माध्यम से इन गाथाओं को जीवंत करना सराहनीय पहल है।उन्होंने युवाओं से अपनी संस्कृति और परंपराओं से जुड़ने तथा लोककलाओं के संरक्षण एवं संवर्धन में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन आने वाली पीढ़ियों को अपने इतिहास और सांस्कृतिक गौरव से परिचित कराने में सहायक हैं।

डिंडौरी विधायक ओमकार मरकाम ने कहा कि 'जननायक' की प्रस्तुतियां गोंड समाज की संस्कृति, परंपराओं, भूमि और गौरवशाली विरासत का सजीव चित्रण करती हैं। कलाकारों ने अपनी प्रतिभा और मेहनत से महानायकों के संघर्ष, साहस और योगदान को प्रभावशाली ढंग से मंच पर प्रस्तुत किया है।उन्होंने कहा कि लोकगाथाएं, पारंपरिक कलाएं और ऐतिहासिक कहानियां समाज की पहचान हैं। इन्हें संरक्षित करना सामूहिक जिम्मेदारी है। ऐसे आयोजनों से नई पीढ़ी को अपने पूर्वजों के इतिहास और उनके योगदान को जानने का अवसर मिलता है। उन्होंने कलाकारों की सराहना करते हुए सांस्कृतिक विरासत को आगे बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयास करने की आवश्यकता बताई।कार्यक्रम में शहपुरा विधायक ओमप्रकाश धुर्वे, डिंडौरी विधायक ओमकार मरकाम, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी दिव्यांशु चौधरी, एसडीएम डिंडौरी श्री रामबाबू देवांगन, अनुसूचित जनजाति के प्रदेशाध्यक्ष पंकज सिंह तेकाम, रेडक्रॉस समिति के चेयरमैन नरेंद्र राजपूत सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी, जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

शिवानी वरकड़े का राष्ट्रीय रग्बी प्रतियोगिता के लिए हुआ चयन

डिंडौरी। जिले की होनहार खिलाड़ी शिवानी वरकड़े ने राष्ट्रीय स्तर पर चयनित होकर डिंडौरी का मान बढ़ाया है। शासकीय सांदीपनि विद्यालय, शहपुरा की छात्रा शिवानी का चयन 14 वर्ष बालिका वर्ग की रग्बी प्रतियोगिता के लिए मध्यप्रदेश की टीम में हुआ है। वे दिल्ली में आयोजित 70वीं शालेय राष्ट्रीय रग्बी प्रतियोगिता में प्रदेश का प्रतिनिधित्व कर रही हैं। प्रतियोगिता 24 से 28 अक्टूबर 2026 तक आयोजित की जा रही है।शालेय खेल कैलेंडर 2026-27 के तहत शिवानी ने विद्यालय स्तर से लेकर विकासखंड, जिला, क्षेत्र, विभागीय राज्य और शालेय राज्य स्तर तक लगातार छह चरणों में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। उनके खेल कौशल और दक्षता को देखते हुए राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए मध्यप्रदेश की टीम में चयन किया गया।



कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया के निर्देशन तथा सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग राजेंद्र कुमार जाटव के मार्गदर्शन में शिवानी ने यह उपलब्धि हासिल की है। जिला क्रीड़ा प्रभारी अधिकारी श्री पुरुषोत्तम सिंह के अनुसार, शिवानी ने 17 से 21 अक्टूबर तक इंदौर में आयोजित प्री-नेशनल कोचिंग कैंप में प्रशिक्षण प्राप्त किया। इसके बाद उन्हें राष्ट्रीय स्पर्धा में प्रदेश की टीम में शामिल किया गया।शिवानी की उपलब्धि पर सहायक आयुक्त राजेंद्र कुमार जाटव, विद्यालय के प्राचार्य डॉ. डी.के. श्रीवास्तव सहित शिक्षकों, प्रशिक्षकों और खेल विभाग से जुड़े अधिकारियों ने प्रसन्नता व्यक्त की। यशवंत साहू, संदीप सोनी, प्रशिक्षक अनिल लोधी, जागेश्वर नंदा, परवेज खान, श्री नवीन खरगाल, कैलाश रजक, श्रीमती किरण यादव, विपिन शर्मा, अनूप मिश्रा, विपिन वर्मा एवं श्रीमती मीना मरावी सहित अन्य लोगों ने शिवानी को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

स्वामित्व योजना की रफ्तार बढ़ाने विशेष अभियान, पटवारियों को किया सम्मानित

डिंडौरी। स्वामित्व योजना के तहत ग्रामीणों को उनकी आवासीय संपत्ति का वैधानिक अधिकार दिलाने के लिए डिंडौरी जिले में 25 से 31 अक्टूबर तक सात दिवसीय विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत दीपावली से पहले लंबित 28,625 रजिस्ट्रियों को पूर्ण करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इससे अधिकाधिक हितग्राहियों को संपत्ति के अधिकार अभिलेख उपलब्ध कराए जा सकेंगे।कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया ने योजना के क्रियान्वयन में उत्कृष्ट कार्य करने वाले पटवारियों को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया। राजस्व अमले को अभियान के दौरान लंबित प्रकरणों का प्राथमिकता से निराकरण करने और पात्र हितग्राहियों को योजना का लाभ दिलाने के निर्देश दिए गए हैं।

जिले में सात पटवारियों ने 100 से अधिक



रजिस्ट्रियां पूर्ण कर उल्लेखनीय कार्य किया है। प्रशासन का प्रयास है कि अभियान के दौरान राजस्व संबंधी प्रक्रियाओं में तेजी लाकर शेष प्रकरणों को जल्द से जल्द पूरा किया जाए, ताकि ग्रामीण परिवारों को उनकी संपत्ति के अधिकार संबंधी दस्तावेज मिल सकें।स्वामित्व योजना का उद्देश्य ग्रामीण आबादी क्षेत्रों में निवासरत लोगों को उनकी आवासीय संपत्ति का वैधानिक अधिकार प्रदान करना और संपत्ति संबंधी अभिलेखों को व्यवस्थित करना है। अधिकार अभिलेख मिलने से हितग्राहियों को अपनी संपत्ति पर कानूनी अधिकार का प्रमाण प्राप्त होता है। इसके साथ ही नियमानुसार संपत्ति के व्यावसायिक उपयोग और वित्तीय जरूरतों के लिए ऋण जैसी सुविधाएं प्राप्त करने में भी मदद मिल सकती है।जिले में योजना के अंतर्गत कुल 39,315 रजिस्ट्रियां पूर्ण की जानी हैं। इनमें से अब तक 10,690 रजिस्ट्रियां पूरी कर हितग्राहियों को अधिकार अभिलेख प्रदान किए जा चुके हैं। शेष 28,625 रजिस्ट्रियों को पूरा करने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। प्रशासन का लक्ष्य है कि दीपावली से पहले अधिकाधिक परिवारों को उनकी संपत्ति का मालिकाना हक मिल सके।

सरहरी तिराहे पर कार की टक्कर से तीन घायल, दो की हालत गंभीर



डिंडौरी । जबलपुर-अमरकंटक राष्ट्रीय राजमार्ग पर सोमवार सुबह सरहरी तिराहे के पास तेज रफ्तार कार ने दोपहिया वाहन को टक्कर मार दी। हादसे में दोपहिया वाहन सवार तीन लोग घायल हो गए, जिनमें दो की हालत गंभीर बताई जा रही है।जानकारी के अनुसार, सरहरी निवासी घूमन गौड़ (50) सहित बिछिया क्षेत्र के दो अन्य लोग दोपहिया वाहन से सिमरिया की ओर से डिंडौरी आ रहे थे। सुबह करीब 9 बजे कार की टक्कर से तीनों घायल हो गए।हादसे के बाद मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। आक्रोशित ग्रामीणों ने कार में आग लगाने का प्रयास किया, लेकिन अन्य लोगों ने समझाइश देकर स्थिति संभाल ली। घटना डिंडौरी कोतवाली थाना क्षेत्र की है।

प्रेस लिखी कार से शराब तस्करी, 6.82 लाख की सामग्री जब्त, तीन गिरफ्तार

डिंडौरी। यहां अवैध शराब के परिवहन के मामले में कोतवाली पुलिस ने सोमवार को तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 100.68 लीटर अवैध शराब, एक टाटा टिगोर कार और दो मोबाइल फोन जब्त किए हैं। जब्त सामग्री की कुल अनुमानित कीमत 6 लाख 82 हजार 440 रुपये बताई गई है। मामले में सामने आया है कि शराब परिवहन में इस्तेमाल की जा रही कार पर 'प्रेस' लिखा हुआ था। इस घटनाक्रम ने पत्रकारिता की पहचान के कथित दुरुपयोग को लेकर सवाल खड़े कर दिए हैं।कोतवाली पुलिस के अनुसार, 26 अक्टूबर 2026 को सूचना मिली थी कि जेल बिल्डिंग के पास बायपास रोड स्थित लकड़ी टाल के नजदीक सफेद रंग की टाटा टिगोर कार क्रमांक MP18ZF3825 में अवैध शराब रखी गई है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने मौके पर



पहुंचकर संदिग्ध वाहन की घेराबंदी की और तलाशी ली। इस दौरान कार से 100.68 लीटर अवैध शराब बरामद हुई। पुलिस ने शराब के साथ कार और दो मोबाइल फोन जब्त कर तीनों आरोपियों को गिरफ्तार किया।

पुलिस के मुताबिक, बरामद शराब की अनुमानित कीमत 55 हजार 440 रुपये, कार की कीमत करीब छह लाख रुपये और दो मोबाइल फोन की कीमत 27 हजार रुपये आंकी गई है। इस तरह जब्त सामग्री का कुल मूल्य 6 लाख 82 हजार 440 रुपये बताया गया है।शराब परिवहन में प्रयुक्त कार पर 'प्रेस' लिखा होने की जानकारी सामने आने के बाद पत्रकारिता की पहचान के दुरुपयोग को लेकर चिंता जताई जा रही है। प्रेस का नाम जनहित के मुद्दे उठाने और प्रशासन को जवाबदेह बनाने से जुड़ा है। ऐसे में यदि किसी वाहन पर इस पहचान का इस्तेमाल अवैध गतिविधियों के लिए किया जाता है, तो इससे पत्रकारिता की साख प्रभावित होने की आशंका रहती है। हालांकि, वाहन पर प्रेस लिखे होने मात्र से उसके किसी पत्रकार या मीडिया संस्थान से जुड़े होने की पुष्टि नहीं होती।कार्रवाई में कोतवाली थाना प्रभारी दुर्गा प्रसाद नगपुरे, एएसआई केशलाल मरावी, प्रधान आरक्षक सतेंद्र डेहरिया, श्याम तिवारी, हेमंत झरिया, आरक्षक देवेंद्र पटले, जितेंद्र ठाकुर, आशीष, विशाल पटेल और अवनीश यादव की भूमिका रही।



श्री यंत्र महामेरू शक्तिपीठ में प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव का हुआ समापन पूर्णाहुति में उमड़े हजारों श्रद्धालु

अमरकंटक। पवित्र नगरी अमरकंटक के सोनमुड़ा रोड स्थित श्री यंत्र महामेरू शक्तिपीठ में 23 से 26 अक्टूबर तक आयोजित प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव का सोमवार को विधि-विधान और वैदिक मंत्रोच्चार के बीच समापन हुआ। महोत्सव के अंतिम दिवस पूर्णाहुति कार्यक्रम में हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने सहभागिता निभाई और धार्मिक अनुष्ठानों में शामिल होकर पुण्य लाभ अर्जित किया। पूरे परिसर में भक्तिमय वातावरण बना रहा। महोत्सव के अंतिम दिन सोमवार को प्रातः 3 बजे से ही धार्मिक अनुष्ठानों का क्रम शुरू हो गया। निर्धारित विधि-विधान के अनुसार यज्ञ मंडप पूजन, स्पर्श आहुति, मूर्ति संबंधी वैदिक विधान, प्राण-प्रतिष्ठा, महाकुंभ अभिषेक और दीप आराधना सहित विभिन्न धार्मिक क्रियाएं संपन्न कराई गईं। इसके पश्चात विधिवत पूर्णाहुति दी गई। वैदिक मंत्रोच्चार और पूजा-अर्चना के बीच श्रद्धालु पूरे भक्तिभाव से आयोजन में शामिल हुए। श्री यंत्र महामेरू शक्तिपीठ में आयोजित इस धार्मिक महोत्सव में अमरकंटक सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव के अंतिम दिन पूर्णाहुति में शामिल होकर भक्तों ने पूजा-अर्चना की और धर्म लाभ प्राप्त किया। श्रद्धालुओं की सहभागिता से आयोजन की गरिमा और भव्यता बढ़ी। पूरे कार्यक्रम के दौरान श्रद्धा, आस्था और आध्यात्मिक उत्साह का माहौल देखने को मिला। 23 अक्टूबर से प्रारंभ हुए प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव का समापन अंतिम दिवस पर पूर्णाहुति के साथ हुआ। यज्ञ, अभिषेक, आराधना और अन्य धार्मिक विधियों के माध्यम से महोत्सव को पूर्णता प्रदान की गई। हजारों श्रद्धालुओं की उपस्थिति और सहभागिता के बीच संपन्न हुआ यह आयोजन धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण रहा। आयोजन के सफल समापन के साथ शक्तिपीठ परिसर में भक्तिमय वातावरण बना रहा।

ग्राम भाद में लगा जिला विधिक साक्षरता शिविर

अनूपपुर। ग्राम पंचायत भवन भाद में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अनूपपुर के तत्वावधान में जिला विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की अध्यक्ष श्रीमती माया बिस्वलाल के दिशा-निर्देश पर आयोजित शिविर में ग्रामीणों को उनके कानूनी अधिकारों, निःशुल्क विधिक सहायता और विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देकर कानून के प्रति जागरूक किया गया। शिविर में जिला विधिक सहायता अधिकारी बृजेश पटेल, पैरा लीगल वॉलंटियर सुमिता शर्मा, भगवान दास मिश्रा, रेखा धर्मेंद्र मिश्रा, ग्राम पंचायत के सरपंच चंद्रभान सिंह, समाजसेवी जगदीश केवट, राजेश कुमार, नितेश केसरवानी, ग्रामीणों और आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला विधिक सहायता अधिकारी बृजेश पटेल ने कहा कि न्याय सबका अधिकार है। समाज के प्रत्येक व्यक्ति तक न्याय की पहुंच सुनिश्चित करना विधिक सेवा प्राधिकरण का प्रमुख उद्देश्य है। आर्थिक रूप से कमजोर, वंचित और जरूरतमंद लोगों को निःशुल्क विधिक सहायता उपलब्ध कराने के लिए विभिन्न योजनाएं संचालित की जा रही हैं। उन्होंने ग्रामीणों से अपने कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक रहने और शासन की संबंधित योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की। पैरा लीगल वॉलंटियर भगवान दास मिश्रा ने विधिक सेवा प्राधिकरण की कार्यप्रणाली, निःशुल्क कानूनी परामर्श, लोक अदालत के माध्यम से आपसी सहमति से विवादों के निराकरण तथा पारिवारिक विवाद समाधान योजना की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि लोक अदालत के जरिए आपसी समझौते से मामलों का निराकरण कर समय और धन की बचत की जा सकती है। वहीं, पैरा लीगल वॉलंटियर सुमिता शर्मा ने महिला एवं बाल सुरक्षा, श्रमिकों के अधिकार, महिलाओं और बच्चों के विरुद्ध होने वाले अपराधों की रोकथाम तथा संवैधानिक प्रावधानों के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने ग्रामीणों को किसी भी कानूनी समस्या की स्थिति में संबंधित विधिक सेवा केंद्र से संपर्क करने के लिए प्रेरित किया।

हरिभूमि

नर्मदा भूमि

करेली | तेंदूखेड़ा | श्रीधाम | सालीचौका | सुआतला | गाडरवारा | राजमार्ग | साईंखेड़ा | चीचली | करकबेल

जबलपुर, मंगलवार 27 अक्टूबर 2026

login : www.haribhoomi.com

कार्तिक मास में स्नान दान का बड़ा महत्त्व



तेंदूखेड़ा कार्तिक माह भगवान विष्णु को अत्यधिक प्रिय है। इस महीने भगवान का ध्यान करते हुए जो भी दान पुण्य किया जाता है वह अक्षय हो जाता है। कार्तिक माह में नियमपूर्वक स्नान विधि पूर्वक भगवान की पूजा जप पाठ हवन दान सभी सत्कर्मों का अनंत गुना फल प्राप्त होता है। कार्तिक में अरुणोदय काल में स्नान हमारे जन्म जन्मांतरों के संचित पाप पुन्जों का नाश करता है। कार्तिक माह में अन्नदान बस्त्रदान स्वर्ण दान भूमि दान के साथ साथ विधिपूर्वक दीपदान की महिमा का पुराणों में विस्तार से वर्णन है। कार्तिक स्नान स्त्री पुरुष सभी के लिए समान रूप से फलदायी है।कार्तिक में पवित्र नदियों और तीर्थों में स्नान से हजारों अश्वमेध यज्ञों के बराबर फल मिलता है। हमारे क्षेत्रीय विद्वान पौरोहित्य कर्मकांड स्नातक आचार्य चतुष्टय वेदाचार्य पुराणाचार्य व्याकरणाचार्य ज्योतिषाचार्य पं प्रमोद पचौरी ने कार्तिक महत्त्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि हरि जागरण प्रातः स्नान तुलसी सेवन उद्यापन और दीपदान ये पांच कार्तिक के मुख्य अंग हैं। कार्तिक मास में हमारे परम्परागत बहुत से व्रत पर्व मनाये जाते हैं जिसमें करवा चौथ अहोई अष्टमी रम्भा एकादशी गोवत्स द्वादशी धनतेरस धनवंतरी जयंती नरक चतुर्दशी दीपावली अन्नकूट गोवर्धन पूजा भाईदोज सूर्य षष्ठी गोपाष्टमी अक्षय नवमी विष्णु प्रबोधिनी एकादशी तुलसी विवाह वैकुण्ठ चतुर्दशी देव दीपावली कार्तिक पूर्णिमा आदि मुख्य हैं।कार्तिक में ब्रह्म मुहूर्त में स्नान तुलसी की सेवा विष्णु पूजन नामजप हवन नाम संकीर्तन मौन व्रत भूमि शयन और नित्य दीपदान का बहुत महत्व है। कार्तिक स्नान के फल से व्यक्ति पाप मुक्त होकर पुण्य फल का भागीदार बनता है। मनुष्य आरोग्यता के साथ दीर्घायु सद्बुद्धि अतुल लक्ष्मी रूप सौभाग्य पुत्र पौत्र आदि को प्राप्त कर सभी पुरुषार्थों के साथ मोक्ष का अधिकारी बनता है।



शरद पूर्णिमा की रात मंदिरों में बटा दूध

तेंदूखेड़ा शरद पूर्णिमा की चांदनी रात श्रद्धा और आस्था के रंग में डूबी नजर आई। श्रद्धालुओं ने व्रत रखकर 16 कलाओं से युक्त पूर्ण चंद्रमा को अर्घ्य अर्पित किया। मान्यता है कि इस दिन चंद्रमा से अमृत बरसता है और इसकी किरणों में औषधीय गुण समाहित रहते हैं। इसी विश्वास के साथ लोगों ने खुले आकाश के नीचे दूध और खीर के पात्र रखकर इस पावन अमृत चांदनी का सेवन किया। क्षेत्र के सभी मंदिरों घरों की छतों और आंगनों में श्रद्धालुओं ने रात भर चंद्र आराधना की। वही महिलाओं ने पारंपरिक परिधान पहन कर पूर्णिमा व्रत की कथा सुनी और पूजन अर्चन की।

स्वास्थ्य और परंपरा का संगम

आयुर्वेदिक के अनुसार शरद पूर्णिमा की चांदनी में रखे दूध और खीर में औषधीय गुण समाहित हो जाते हैं माना जाता है कि इसका सेवन करने से शरीर में ठंडक और संतुलन बना रहता है इसी कारण लोग पारंपरिक रूप से इस रात दूध खीर या पंचामृत को चांदनी में रखकर सुबह प्रसाद के रूप में ग्रहण करते हैं।

उन्नत कृषि जिले की रखती है विशिष्ट पहचानः मुख्यमंत्री

बलराम कृषि महोत्सव को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से किया संबोधित

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। सोमवार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कृषि उपज मंडी समिति प्रांगण में आयोजित बलराम कृषि महोत्सव को वीडियो कांफ्रेंसिंग (वीसी) के माध्यम से संबोधित किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बलराम कृषि महोत्सव के आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि नरसिंहपुर जिला खेती-किसानी और उन्नत कृषि पद्धतियों के लिए विशेष पहचान रखता है। यहां की कृषि और किसानों की मेहनत के उदाहरण देशभर में देखने को मिलते हैं। भगवान बलराम के नाम पर आयोजित यह महोत्सव किसानों के सम्मान, कृषि विकास और उनकी समृद्धि के संकल्प को आगे बढ़ाने का महत्वपूर्ण अवसर है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि किसानों की समृद्धि के लिए कृषि के साथ-साथ सिंचाई, जल संसाधनों के बेहतर उपयोग और आधुनिक कृषि तकनीकों को बढ़ावा देना आवश्यक है।

कृषि क्षेत्र को मजबूत बनाने के प्रयास

सरकार नदी जोड़ो अभियान सहित विभिन्न क्षेत्रों में विकास के प्रयास कर रही है। कृषि क्षेत्र को मजबूत बनाने और किसानों के जीवन में खुशहाली लाने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने बलराम कृषि महोत्सव को किसानों के बीच कृषि संबंधी जानकारी, आधुनिक तकनीकों और उन्नत खेती के तरीकों को साझा करने का महत्वपूर्ण मंच बताया। उन्होंने किसानों से नई कृषि पद्धतियों को अपनाने तथा खेती को अधिक उन्नत एवं समृद्ध बनाने की दिशा में आगे बढ़ने का आह्वान किया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधियों, पदाधिकारियों, आयोजकों और किसान भाइयों का अभिवादन करते हुए महोत्सव के सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि नरसिंहपुर जिले से उनका विशेष स्नेह और जुड़ाव रहा है। अपने संबोधन के अंत में मुख्यमंत्री ने भगवान महाकाल और मां नर्मदा से सभी के कल्याण एवं समृद्धि की कामना की तथा उपस्थित किसान भाइयों को दीपावली पर्व की शुभकामनाएं दीं। अपेक्स बैंक के प्रशासक महेंद्र सिंह यादव ने बलराम कृषि महोत्सव में कहा कि किसान देश का अन्नदाता है और उसकी





समृद्धि से ही ग्रामीण अर्थव्यवस्था मजबूत होगी। भगवान बलराम की जयंती को किसान दिवस के रूप में मनाने की पहल किसानों के सम्मान और कृषि विकास को प्रोत्साहित करने का महत्वपूर्ण प्रयास है। उन्होंने कहा कि किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों के साथ जैविक खाद, वर्मी कम्पोस्ट और संतुलित उर्वरक उपयोग अपनाना चाहिए, ताकि मिट्टी की उर्वरता और प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण हो सके। कृषि के साथ पशुपालन एवं दुग्ध उत्पादन को बढ़ावा देकर किसानों की आय बढ़ाने की दिशा में भी कार्य करना आवश्यक है। प्रशासक श्री यादव ने किसान क्रेडिट कार्ड, किसान सम्मान निधि, स्वामित्व योजना तथा ग्रामीण सड़क, परिवहन और शिक्षा सुविधाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि इन प्रयासों से ग्रामीण क्षेत्रों में सुविधाओं का विस्तार हो रहा है। उन्होंने गोपाल कृष्ण पुरस्कार योजना के माध्यम से देशी नस्ल की गायों के पालन और दुग्ध उत्पादन को प्रोत्साहन देने की बात कही।

किसान देश की रीढ़

तेंदूखेड़ा विधायक विश्वनाथ सिंह पटेल ने कहा कि सरकार का उद्देश्य किसानों के कृषि उत्पादन में वृद्धि करना, उनकी आय बढ़ाना तथा खेती-किसानी को अधिक सुविधाजनक बनाना है। उन्होंने कहा कि किसानों को बैंकिंग सुविधाओं से जोड़ने, कृषि कार्यों के लिए ऋण उपलब्ध कराने तथा किसान क्रेडिट कार्ड के माध्यम से विभिन्न शासकीय सुविधाओं का लाभ पहुंचाने के प्रयास किए जा रहे हैं। कसान देश की रीढ़ हैं। उनकी मेहनत से ही खेतों में हरियाली और देश में खुशहाली आती है। किसानों की आय बढ़ाना, खेती को लाभ का व्यवसाय बनाना तथा कृषि को आधुनिक तकनीकों से जोड़ना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि नरसिंहपुर जिले के किसान कृषि के क्षेत्र में विशिष्ट पहचान रखते हैं। पूर्व राज्य मंत्री जालम सिंह पटेल ने कहा कि नरसिंहपुर जिला अपनी उपजाऊ भूमि और कृषि उत्पादन के लिए विशेष पहचान रखता है। यहां के किसानों ने आधुनिक कृषि तकनीकों को अपनाकर कृषि के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किया है। हालांकि, भूजल स्तर में गिरावट, रासायनिक उर्वरकों के अत्यधिक उपयोग और फसल चक्र में बदलाव जैसी चुनौतियों पर गंभीरता से विचार करने की आवश्यकता है। कार्यक्रम में कृषि, पशुपालन एवं नवाचार के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रगतिशील किसानों को मंच से सम्मानित किया गया।

चोरी के मामले में चार चोर गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। गत दिवस पुलिस द्वारा चोरी के मामले मे चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। बताया गया कि थाना करेली क्षेत्र में किसानों के खेतों एवं घरों से सिंचाई उपकरणों की चोरी के मामले में पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए चार शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की निशानदेही पर तीन सबमर्सिबल मोटर पंप, जले हुए केबल वायर से निकला तांबा, सिंचाई पाइप के टुकड़े, स्टार्टर, केबल वायर एवं चोरी में प्रयुक्त दो मोटरसाइकिल बरामद की गई हैं। चोरी का सामान खरीदने वाले एक कबाड़ी से भी एक सबमर्सिबल मोटर पंप जप्त किया गया है। फरियादी संतोष पटेल, निवासी ग्राम बघुवार, चैकी आमगांव ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि अज्ञात चोर उनके घर में घुसकर 3 हॉर्स पावर का सबमर्सिबल मोटर पंप चोरी कर ले गए। रिपोर्ट पर थाना करेली में धारा 331(4), 305(1) बीएनएस के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने प्रशांत लोधी, भूरा लोधी, राहुल लोधी एवं ओमप्रकाश लोधी, सभी निवासी आमगांव बड़ा, को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की। पूछताछ में आरोपियों ने सबमर्सिबल मोटर पंप चोरी करना स्वीकार किया। आगे की पूछताछ में ग्राम बघुवार से अन्य सबमर्सिबल मोटर पंप चोरी करने, किसानों के खेतों में लगी केबल काटकर जलाने के बाद उससे तांबा निकालकर बेचने तथा थाना करेली क्षेत्र से सिंचाई पाइप एवं स्टार्टर चोरी करने की बात भी सामने आई। आरोपियों की निशानदेही पर चोरी का सामान खरीदने वाले कबाड़ी रूपराम जाटव, निवासी महेंद्र वार्ड, करेली, से 5 हॉर्स पावर का एक सबमर्सिबल मोटर पंप जप्त किया गया। इसके अतिरिक्त थाना करेली में धारा 303, 324 (2) बीएनएस से संबंधित चोरी गया मशरूका भी बरामद किया गया। आरोपियों से 01 हॉर्स पावर, 03 हॉर्स पावर एवं 05 हॉर्स पावर के कुल 03 सबमर्सिबल मोटर पंप, जले हुए केबल वायर से निकला तांबा, 22 नग सिंचाई पाइप के टुकड़े, 30 फीट केबल वायर एवं 01 स्टार्टर, चोरी में प्रयुक्त दो मोटरसाइकिले भी जप्त किए गए।

विवेक सक्सेना एवं पं. गोविंद प्रसाद तिवारी होंगे अलंकृत से सम्मानित

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।



राष्ट्रीय स्तर पर क्रियाशील प्रतिष्ठित संस्था कादम्बरी के तत्वावधान में आयोजित होने वाले भव्य साहित्य महाकुंभ एवं अखिल भारतीय साहित्यकार पत्रकार सम्मान समारोह 2026 में नरसिंहपुर के साहित्यकार डॉ. विवेक सक्सेना को प्रतिष्ठित पं. गोविंद प्रसाद तिवारी सम्मान से सम्मानित किया जाएगा। यह गरिमामयी आयोजन आगामी 31 अक्टूबर 2026, शनिवार को दोपहर 2 बजे से शहीद स्मारक भवन, गोल बाजार, जबलपुर में संपन्न होगा। समारोह में देश के जाने-माने साहित्यकारों और पत्रकारों को उनकी साहित्यिक सेवाओं के लिए अलंकृत किया जाएगा। इस उपलब्धि पर शुभचिंतकों ने बधाई प्रेषित की है।

संयुक्त राष्ट्र दिवस पर व्याख्यानमाला का आयोजन

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस स्वामी विवेकानंद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, में संयुक्त राष्ट्र दिवस के अवसर पर व्याख्यानमाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को संयुक्त राष्ट्र संघ की स्थापना, उसके उद्देश्यों, वैश्विक शांति, अंतरराष्ट्रीय सहयोग एवं मानवाधिकारों के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना छात्रा इकाई की कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रानी कुमारी, सह कार्यक्रम अधिकारी डॉ. प्रीति कौरव, सीमा उपाध्याय एवं डॉ. राजेश ठाकुर ने विद्यार्थियों को मार्गदर्शन प्रदान किया। वक्ताओं ने संयुक्त राष्ट्र संघ की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि विश्व में शांति, समानता, मानवाधिकारों की रक्षा तथा विभिन्न देशों के बीच सहयोग स्थापित करने में संयुक्त राष्ट्र का महत्वपूर्ण योगदान है। उन्होंने विद्यार्थियों को जागरूक, जिम्मेदार एवं मानवीय मूल्यों के प्रति संवेदनशील नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का आयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना की दलनायिका मनीषा राजपूत एवं सह-दलनायिका गरिमा पाण्डेय के नेतृत्व में किया गया।



युवक ने खाया जहर

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। गत दिवस थाना क्षेत्र सुआतला निवासी युवक द्वारा जहरीली वस्तु का सेवन कर लिया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार मानसिंह मेहरा पिता बसंत मेहरा उम्र 32 वर्ष निवासी घाट बम्होरी द्वारा खेत में काम करते समय अज्ञात कारणों से जहरीली वस्तु का सेवन कर लिया जिसे परिजनों द्वारा उपचार हेतु जिला चिकित्सालय लाया गया जहां पर उपचार जारी है।

व्यक्ति को सर्प ने काटा

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। गत दिवस खेत में काम कर रहे व्यक्ति को सर्प ने काट लिया। पुलिस ने बताया कि साबिर खान पिता शहादत खान उम्र 45 वर्ष निवासी बहोरीपार कला थाना स्टेशनगंज को खेत में कार्य करते समय सर्प ने काटा जिसे परिजनों द्वारा उपचार हेतु जिला चिकित्सालय लाया गया जहां पर उपचार जारी है।

सड़क दुर्घटना में दो व्यक्ति घायल

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। गत दिवस थाना क्षेत्र मुंगवानी अंतर्गत हुई सड़क दुर्घटना में सुरेश ठाकुर पिता अमर सिंह ठाकुर उम्र 65 वर्ष निवासी मुंगवानी थाना एवं गोपाल यादव पिता मंगल सिंह यादव उम्र 55 वर्ष निवासी मुंगवानी दोनो सड़क दुर्घटना में घायल हो गये जिनका उपचार जिला चिकित्सालय में जारी है।

सतर्कता जागरूकता सप्ताह के तहत स्वयंसेवकों ने ली शपथ



हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वावधान में मेरा युवा भारत (माय भारत), नरसिंहपुर द्वारा 26 अक्टूबर को सतर्कता जागरूकता सप्ताह के अंतर्गत सत्यनिष्ठा प्रतिज्ञा कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिला पंचायत स्थित माय भारत कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में स्वयंसेवकों ने ईमानदारी, पारदर्शिता और भ्रष्टाचार मुक्त समाज के निर्माण का संकल्प लिया। कार्यक्रम में जिला युवा अधिकारी उमंग जैन ने केंद्रीय सतर्कता आयोग के गठन एवं उद्देश्यों की जानकारी देते हुए कहा कि राष्ट्र की प्रगति और समग्र विकास के लिए भ्रष्टाचार का उन्मूलन आवश्यक है। इसके लिए शासन, नागरिकों और युवाओं को मिलकर पारदर्शी व्यवस्था के निर्माण में योगदान देना होगा। उन्होंने इस वर्ष के अभियान की थीम सत्यनिष्ठा से समृद्धि के महत्व पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने युवाओं को केंद्रीय सतर्कता आयोग की आधिकारिक वेबसाइट पर डिजिटल प्रतिज्ञा लेने तथा समाज में ईमानदारी और पारदर्शिता के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए प्रेरित किया। इसके पश्चात सभी उपस्थित स्वयंसेवकों ने सत्यनिष्ठा की शपथ ली। उन्होंने अपने दायित्वों का ईमानदारी से निर्वहन करने तथा राष्ट्र के विकास में सक्रिय योगदान देने का संकल्प लिया।

नरसिंहपुर में MPMSRU की वार्षिक आमसभा संपन्न

नरसिंहपुर। मध्य प्रदेश मेडिकल एंड सेल्स रिप्रेजेंटेटिव्स यूनियन (**MPMSRU**) की नरसिंहपुर इकाई की वार्षिक आमसभा (एनुअल जनरल बॉडी मीटिंग) का आयोजन 25 अक्टूबर 2026 को किया गया। कार्यक्रम में यूनिट इंचार्ज एवं **MPMSRU** के स्टेट सेक्रेटरी कॉमरेड पंकज साहू तथा जॉइंट जनरल सेक्रेटरी कॉमरेड आशीष जैन विशेष रूप से उपस्थित रहे। दोनों पदाधिकारियों ने संगठन, श्रमिक अधिकारों तथा लेबर कोर्ट और काउंसिल से संबंधित विभिन्न विषयों पर विस्तारपूर्वक जानकारी देते हुए सदस्यों का मार्गदर्शन किया।बैठक में दिल्ली रैली की तैयारियों, सदस्यता अभियान और नरसिंहपुर इकाई की आगामी गतिविधियों पर विस्तार से चर्चा हुई। वार्षिक आमसभा के बाद आयोजित वर्किंग कमेटी की बैठक में सर्वसम्मति से दिल्ली रैली के लिए 10 कॉमरेड साथियों का कोटा निर्धारित किया गया। कॉमरेड पंकज साहू के निर्देशन में रैली की तैयारियों के लिए 5,000 का प्रारंभिक कलेक्शन किया गया। इकाई द्वारा 27 अक्टूबर को 10 साथियों का रिजर्वेशन



कराने की योजना बनाई गई है। शेष राशि जुटाने के लिए नवंबर माह में विशेष कलेक्शन ड्राइव चलाया जाएगा। सहमति पत्र पर हस्ताक्षर करने वाले सदस्यों से भी रैली के लिए सहयोग एकत्रित किया जाएगा।कार्यक्रम के दौरान यूनियन की ओर से लगभग 50 साथियों के लिए रात्रिभोज की व्यवस्था की गई। उपस्थित सदस्यों ने आमसभा एवं सामूहिक रात्रिभोज के आयोजन की सराहना की। नरसिंहपुर इकाई ने इस वर्ष 100 सदस्यता का लक्ष्य हासिल करने की दिशा में अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की तथा स्टेट एवं सेंटर नेतृत्व से भविष्य में भी इसी प्रकार मार्गदर्शन और सहयोग प्रदान करने का अनुरोध किया।इस सफल आयोजन में नरसिंहपुर इकाई के अध्यक्ष कॉमरेड संतोष चडार, सचिव कॉमरेड प्रीतिराज कौरव, उपाध्यक्ष नरेंद्र पटेल, कोषाध्यक्ष विकास कुमार सोनी, जॉइंट सेक्रेटरी कॉमरेड शुभम चौरसिया एवं कॉमरेड शिवाजी सहित वर्किंग कमेटी के सदस्य नमन डेहेरिया, शुभम पचौरी, प्रवीण गुप्ता, शिवम श्रीवास्तव, देवेंद्र पाली, अमन शर्मा और राज मालवीय की महत्वपूर्ण सहभागिता रही।आयोजन के सफल संचालन और मार्गदर्शन के लिए नरसिंहपुर इकाई की ओर से कॉमरेड पंकज साहू एवं कॉमरेड आशीष जैन के प्रति आभार व्यक्त किया गया। बैठक ने संगठनात्मक एकजुटता को मजबूत करने, सदस्यता बढ़ाने और दिल्ली रैली को सफल बनाने की दिशा में सामूहिक प्रयासों को नई गति दी।कॉमरेड पंकज साहू जी को लाल सलाम! कॉमरेड आशीष जैन जी को लाल सलाम! **MPMSRU** जिंदाबाद! लॉन्ग लिव नरसिंहपुर यूनियन! नरसिंहपुर **MR** यूनियन जिंदाबाद!

महर्षि वाल्मीकि जयंती पर गोटेगांव में श्रद्धा और भक्ति का सैलाबः

गोटेगांव।

नगर में समस्त वाल्मीकि समाज द्वारा अपने आराध्य, आदिकवि महर्षि वाल्मीकि जी की जयंती अत्यंत हर्षोल्लास, श्रद्धा और धूमधाम के साथ मनाई गई। इस पावन अवसर पर नगर में एक भव्य एवं विशाल जुलूस (शोभायात्रा) निकाला गया, जिसमें समाज के पुरुषों, महिलाओं और युवाओं ने बड़ी संख्या में बढ़-चढ़कर भाग लिया। महिलाओं व पुरुषों की रही गरिमामय उपस्थिति, गूंजे जयकारेसोमवार को आयोजित इस विशाल जुलूस में वाल्मीकि समाज के पुरुषों एवं महिलाओं की बड़ी संख्या में उत्साहजनक उपस्थिति देखने को मिली। पारंपरिक पोशाक और भक्ति भाव से ओत-प्रोत होकर समाजजन जुलूस में शामिल हुए।ढोल-नगाड़ों की थाप, भक्तिमय भजनों और महर्षि वाल्मीकि जी के जयकारों से पूरा नगर धर्ममय हो उठा। नगर के प्रमुख मार्गों से भ्रमण के दौरान जगह-जगह नगरवासियों द्वारा पुष्पवर्षा कर शोभायात्रा का आत्मीय स्वागत किया गया।समागार में विचारों की सरिताः महर्षि वाल्मीकि के आदर्शों पर डाला प्रकाशविभिन्न मार्गों से होता हुआ जुलूस अपने निर्धारित आयोजन स्थल पर पहुंचा, जहां कार्यक्रम एक भव्य सभा में परिवर्तित हो गया। इस अवसर पर मंचासीन वक्ताओं एवं समाज के प्रबुद्ध जनों ने महर्षि वाल्मीकि जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन कर उन्हें नमन किया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने महर्षि वाल्मीकि जी के जीवन-दर्शन, उनकी शिक्षाओं और सनातन संस्कृति में उनके योगदान पर प्रकाश डाला। वक्ताओं ने कहाःमहर्षि वाल्मीकि जी के विचार और उनके आदर्श आज भी प्रासंगिक हैं। हमें उनके बताए सत्य, प्रेम और सामाजिक समरसता के मार्ग पर चलते हुए समाज को संगठित और शिक्षित बनाना चाहिए।इस उत्साह और एकता का दिखा संदेशकार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं और पुरुषों ने महर्षि वाल्मीकि जी के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। आयोजन के अंत में सभी को प्रसाद वितरित किया गया और एक-दूसरे को जयंती की बधाई दी गई। यह पूरा आयोजन वाल्मीकि समाज की अटूट आस्था, सांस्कृतिक वैभव और सामाजिक एकता का अनुपम प्रतीक बना।

भगवान बिरसा मुंडा जयंती एवं मूर्ति स्थापना की तैयारियों को लेकर वनवासी विकास परिषद की बैठक संपन्न 15 नवंबर को जनजातीय गौरव दिवस पर होंगे विभिन्न आयोजन, तैयारियों की रूपरेखा पर हुआ विचार-विमर्श

गोटेगांव।

भगवान बिरसा मुंडा जयंती एवं जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर आगामी 15 नवंबर को आयोजित होने वाले मूर्ति स्थापना समारोह सहित विभिन्न कार्यक्रमों की तैयारियों को लेकर वनवासी विकास परिषद की महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। बैठक में आयोजन को सफल, सुव्यवस्थित एवं गरिमामय बनाने के लिए विस्तृत चर्चा की गई तथा कार्यक्रम की रूपरेखा पर विचार-विमर्श किया गया।बैठक में भगवान बिरसा मुंडा के संघर्षपूर्ण जीवन, अदम्य साहस, जनजातीय समाज के अधिकारों की रक्षा के लिए उनके ऐतिहासिक योगदान और देश की स्वतंत्रता के लिए दिए गए बलिदान को स्मरण किया गया। वक्ताओं ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा का जीवन संघर्ष, स्वाभिमान और राष्ट्रप्रेम की प्रेरणा देता है। उनके विचारों एवं आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाना तथा जनजातीय समाज की गौरवशाली परंपराओं और सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करना हम सभी का दायित्व है।बैठक में उपस्थित सदस्यों ने आयोजन को भव्य एवं सफल बनाने के लिए अपने सुझाव साझा किए। साथ ही कार्यक्रम में अधिकाधिक सहभागिता सुनिश्चित करने और सामूहिक सहयोग से आयोजन को सफल बनाने का संकल्प व्यक्त किया।ये रहे उपस्थितबैठक में वनवासी विकास परिषद के प्रांतीय संगठन मंत्री श्री लक्ष्मी नारायण बामने, श्री किशोरी लाल यादव, प्रांतीय पदाधिकारी श्री देवनाथ पटेल, प्रांतीय सचिव श्री अशोक मर्सकोले,



जनजातीय गौरव दिवस के जिला संयोजक श्री नीरज ककोड़िया, जिला सचिव श्री मेलाराम ठाकुर, श्री रघुनाथ ठाकुर (सरपंच, ग्राम गुर्रा), श्रीमती उमा पटेल, श्रीमती स्नेहलता श्रीवास्तव, श्री अजय कुमार सिंह, श्री दीपक ठाकुर, श्री मयंक शर्मा, श्री पूरन सिंह पटेल, श्री नरेश नामदेव, श्री भगवत सिंह, श्री अनुज परिहार, श्री राघवेंद्र आर्य एवं श्री विनय पांडे सहित परिषद के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।बैठक के अंत में भगवान बिरसा मुंडा के आदर्शों को आत्मसात करते हुए जनजातीय समाज के अधिकारों, सम्मान और सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण के लिए एकजुट होकर कार्य करने का संकल्प दोहराया गया।जय भगवान बिरसा मुंडा! जय जनजातीय गौरव!

शरद पूर्णिमा पर परमहंसी गंगा आश्रम में निशुल्क औषधि वितरण, सैकड़ों वर्षों पुरानी परंपरा का निर्वहनशंकराचार्य जी महाराज की प्रेरणा से वर्षों से हो रहा आयोजन

झोतेश्वर। शरद पूर्णिमा के पावन अवसर पर परमहंसी गंगा आश्रम, झोतेश्वर में जगद्गुरु शंकराचार्य जी महाराज के समाधि स्थल पर उनके आदेशानुसार ईशानी देवी चिकित्सालय के माध्यम से विभिन्न रोगों से पीड़ित लोगों को निशुल्क औषधियों का वितरण किया गया। यह सेवा कार्य वर्षों से शरद पूर्णिमा की रात्रि 12 बजे किया जा रहा है। इसमें विशेष रूप से श्वास, दमा एवं हिक्का रोग से पीड़ित मरीज लाभान्वित होते हैं।औषधि वितरण का कार्य आश्रम के वैद्य श्री जी.के. चौबे, डॉ. नितिन शर्मा, श्री राधेश्याम सराठे, श्री नित्यानंद गोस्वामी सहित उनकी पूरी टीम द्वारा किया गया। इस अवसर पर स्वास्थ्य लाभ की कामना के साथ बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं जरूरतमंद लोग उपस्थित रहे।जनसेवा और स्वास्थ्य सुविधाओं के प्रति समर्पित रहा शंकराचार्य जी महाराज का जीवनअनंत श्रीविभूषित पीठद्वयाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी श्री स्वरूपानंद सरस्वती जी महाराज का उद्देश्य सदैव जनमानस को स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना और लोगों के जीवन में सुख-समृद्धि लाना रहा। उनका आदर्श वाक्य 'सर्वे भवन्तु सुखिनः, सर्वे सन्तु निरामयाः' अर्थात सभी सुखी हों और सभी निरोग रहें, उनकी लोककल्याणकारी भावना को अभिव्यक्त करता है।जनजातीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए पूज्यपाद शंकराचार्य जी महाराज ने शंकराचार्य नेत्रालय की भी स्थापना की थी। वर्तमान में द्वारका-शारदा पीठ के जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी श्री सदानंद सरस्वती जी महाराज के पावन सानिध्य एवं आशीर्वाद से नेत्रालय के माध्यम से आसपास के क्षेत्रवासियों को नियमित रूप से नेत्र संबंधी उपचार उपलब्ध कराया जा रहा है।मां राजराजेश्वरी त्रिपुर सुंदरी की महापूजा के साथ हुए सांस्कृतिक आयोजनकार्यक्रम का शुभारंभ मां भगवती राजराजेश्वरी त्रिपुर सुंदरी की महापूजा से हुआ। पूजन ब्रह्मचारी ध्यानानंद जी एवं ब्रह्मचारी विमलानंद जी द्वारा संपन्न कराया गया। इस अवसर पर ब्रह्मचारी निर्विकल्प स्वरूप एवं ब्रह्मचारी ब्रह्मविद्यानंद जी की गरिमामयी उपस्थिति रही।आश्रम के व्यवस्थापक श्री सुंदर पांडे के कुशल नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में बरहेटा से पधारे श्री विष्णु प्रसाद गोटिया एवं उनके साथियों ने मनमोहक भजनों की प्रस्तुति दी। वहीं, क्षेत्रीय ग्राम श्यामनगर के बाल कलाकारों ने गरबा नृत्य सहित विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से उपस्थित श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। धार्मिक भक्ति और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा।आश्रम परिवार का रहा सराहनीय योगदानकार्यक्रम को सफल बनाने में आश्रम परिवार के श्री दीपक शुक्ला, श्री अमित तिवारी, श्री ऋतुराज तिवारी, श्री बालकृष्ण पांडे, श्री अंकित अवस्थी, श्री अनुराग, श्री रोहित, श्री विक्रम, श्री भाग्यवान, श्री विनायक, श्री मणि अन्ना, श्री सत्यप्रकाश, श्री प्रियकुमार अग्रवाल एवं श्री हरिहर सहित अन्य सदस्यों का सराहनीय योगदान रहा।कार्यक्रम के समापन पर दूर-दराज से आए श्रद्धालुओं को अमृत वर्षा से जुड़ी धार्मिक परंपरा के अनुरूप खीर का भोग लगाकर महाप्रसाद वितरित किया गया। आयोजन ने धार्मिक आस्था, लोककल्याण एवं सेवा भावना का संदेश दिया।उक्त जानकारी परमहंसी गंगा आश्रम, झोतेश्वर के आचार्य पंडित श्री सोहन शास्त्री द्वारा प्रदान की गई।

सहकारी कर्मचारी महासंघ ने सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। गत दिवस अपेक्स बैंक के प्रशासक महेंद्र सिंह यादव के नगर आगमन पर मध्य प्रदेश सहकारी कर्मचारी महासंघ के पदाधिकारी एवं कर्मचारियों ने अपनी समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में बताया गया है कि विगत 2019 से जारी आदेश का पालन आज तक नहीं किया गया है कर्मचारियों का कहना था कि आदेश में पहले जिला बैंक द्वारा समितियों में कैडर भर्ती प्रक्रिया में पहले से काम कर रहे सहायक एवं लेखपाल की पदोन्नति कर 60 प्रतिशत भर्ती की जावेगी तथा 40 प्रतिशत पद संविदा प्रबंधक द्वारा भर्ती की जावेगी लेकिन इसके विपरीत संविदा प्रबंधक के पद भरे जा रहे हैं। अनेकों बार आवेदन देने तथा भोपाल स्तर पर आयुक्त द्वारा रिमांड पत्रों के बाद भी महाप्रबंधक एवं उपायुक्त सहकारिता नरसिंहपुर द्वारा उक्त प्रक्रिया को आगे नहीं बढ़ाया गया इतना ही नहीं 2025 से आवेदन लेने के बाद पात्र - अपात्र सूची तक जारी नहीं की गई है। ज्ञापन में प्रदेश प्रवक्ता मोहम्मद शफी खान शशिकांत शुक्ला राजकुमार पटेल जितेंद्र पटेल राजेश पटेल आशीष पचोरी सतीश सोनी रामचरण पटेल रामकुमार तिवारी हेमंत पटेल अवधेश राजपूत बृजेंद्र सिंह राजपूत रामेश्वर एवं अन्य कर